# अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस 2026 मनाया गया।

आज अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में माननीय अध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता जी के सक्षम मार्गदर्शन एवं प्राचार्य डॉ. चंद्रशेखर वशिष्ठ के नेतृत्व में तृतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम पूरे देश में इसरो की पहल और भारत सरकार के निर्देश पर चंद्रमा पर 'चंद्रयान-3 की सफल सॉफ्ट लैंडिंग' (23 अगस्त 2023) के अवसर पर मनाया जा रहा है। इसका उदेश्य भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण क्षेत्र में हुई उपलब्धियों से विद्यार्थियों को प्रेरित और शिक्षित करना था।

इस कार्यक्रम की मुख्य विशेषता चंद्रयान-3, भारत के आगामी चंद्र मिशन पर एक डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन था। इस डॉक्यूमेंट्री ने छात्रों को इस महत्वाकांक्षी परियोजना के उद्देश्यों, प्रौद्योगिकियों और चुनौतियों के बारे में गहन समझ प्रदान की। डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शन के बाद, छात्रों से राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस में सक्रिय रूप से भाग लेने और भारत के जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए उन्हे शपथ दिलवाई।यह प्रतिज्ञा भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम का समर्थन करने, STEM (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) शिक्षा को प्रोत्साहित करने और राष्ट्र के प्रौद्योगिकी और वैज्ञानिक प्रगति में योगदान देने हेतु थी। डॉ. देवेंद्र ने एक प्रेरणादायक भाषण दिया, जिसमें उन्होंने अंतरिक्ष अन्वेषण के महत्व और युवाओं की भूमिका पर जोर दिया।

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में आयोजित राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह में छात्रों को अंतरिक्ष के चमत्कारों का अन्वेषण करने और राष्ट्र के अंतरिक्ष अन्वेषण प्रयासों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में 32 विद्यार्थियों ने भाग लिया और इसे आयोजित करने में डॉ. देवेंद्र (भौतिक विज्ञान विभाग), डॉ. प्रिया अरोड़ा (गणित विभाग) तथा डॉ. अर्चना (रसायन विज्ञान विभाग) ने अहम भूमिका निभाई। वैज्ञानिक उत्सुकता को बढ़ावा देने और अगली पीढ़ी के अंतरिक्ष उत्साहियों को प्रशिक्षित करने के महाविद्यालय के प्रयासों का प्रमाण कार्यक्रम के सुचारु संगठन और प्रभावशाली परिणाम में दिखाई दिया।